वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415 / 2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No. 1869/Exam/VMSBUTU/2023 Date. 21/08/2023

महत्वपूर्ण

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्रों को एततद्वारा सूचित किया जाता है कि जिन छात्रों को वर्तमान में प्रभावी Ordinance के अनुसार अग्रिम कक्षा में प्रोन्नति नही मिली है,(Not-Promoted) वे विश्वविद्यालय में अपना अध्ययन निम्न श्रेणियों के अन्तर्गत जारी रख सकते हैं।

1. **Re-admissionn** – अग्रिम कक्षा में प्रोन्नति हेतु अर्हता न रखने वाले (Non-Promoted) छात्र उसी कक्षा में पुनः प्रवेश (Re-admission) लेते हुए अपना अध्ययन जारी रख सकते हैं। ऐसे पुनः प्रवेशित छात्रों को संबंधित संस्था में अपनी 2022-2023 में अध्ययनित कक्षा में अन्य छात्रों की भॉति संस्था द्वारा प्रभावी शुल्क देते हुये नियमित पंजीकरण सत्र 2023-24 में कराया जाना तथा परीक्षा शुल्क देते हुये सेमेस्टर परीक्षायें देनी होंगी। ऐसे पुनः प्रवेशित छात्रों के सत्र 2023-24 यथा प्रभावी पाठयक्रम में नियमित अध्ययनोपरान्त सैत्रिक अंक (आतंरिक अंश–Internal Component) नये सिरे से प्रदान किये जायेंगे एंव उनके सत्र 2023-24 में प्राप्त समस्त अंक सत्र 2022-23 के अंको को प्रतिस्थापित करेंगे।
2. **Ex-Student-** अग्रिम कक्षा में प्रोन्नति हेतु अर्हता न रखने वाले (Not-Promoted) छात्र Ex-Student का विकल्प चुनकर स्वंय को Ex-Student के रूप में अपना अध्ययन जारी रख सकते हैं। ऐसे छात्रों को Ex-Student चुनने का विकल्प Registration Form भरते समय दिया जायेगा। Ex-Student छात्रों को सत्र 2023-24 में नियमित कक्षाओं को Attend किये बिना सिर्फ Semester परीक्षाओं में सम्मिलित होने की अनुमन्यता उनके द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म के आधार पर होगी।

   Ex-Student छात्रों के (Sessional Marks-Internal Component) वही होगा, जैसा कि उन्होंने सत्र 2022-23 में अर्जित किया है। इन छात्रों की Semester परीक्षायें उन्हीं विषयों की होगी, जिन्हें उनके द्वारा सत्र 2022-23 में अध्यापित कराया गया था। किसी भी दशा में Ex-Student के Sessional Marks में किसी भी प्रकार का काई भी परिवर्तन सम्भव नही होगा एवं Ex-Student को परीक्षाओं हेतु मात्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क देते हुये परीक्षाओं में सम्मिलित किया जायेगा। एवं किसी भी दशा में संस्थान द्वारा Ex-Student छात्रों से कोई अन्य शुल्क लिये जाने की अनुमन्यता नही होगी।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त निदेशक / प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थानों को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना से अपनी संस्था में अध्ययरत् सभी छात्रों से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध तरीके से कराने का कष्ट करें।
2. Nodal Officer UMS को इस अनुरोध के साथ उपरोक्तानुसार पंजीकरण आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
4. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
5. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
6. वेब मास्टर वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून को इस निर्देश के साथ ही संबंधित पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
7. गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।